दिन— शुक्रवार                                                                 दिनांक— 22/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से।                                                 अवधि — 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गयाजी से बिहार को तेरह हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। श्री मोदी ने बिजली, रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास और जल आपूर्ति से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया के बीच गंगा नदी पर नवनिर्मित सिक्स लेन पुल का उद्घाटन किया। इस पुल के बनने से उत्तर बिहार से दक्षिण बिहार के बीच आवाजाही सुगम हो गयी है। अब सौ किलोमीटर की दूरी का सफर मात्र आठ किलोमीटर में सम्भव हो गया है। श्री मोदी ने राज्य में कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि को देखते हुये मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित भाभा कैंसर रिसर्च संस्थान का उद्घाटन किया। इस संस्थान की क्षमता दो सौ पचास बेड की है।

———————————————————

प्रधानमंत्री ने लगभग एक हज़ार नौ सौ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग—इकतीस के चार—लेन वाले बख्तियारपुर—मोकामा खंड का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने एनएच एक सौ बीस के बिक्रमगंज—दावथ—नवानगर—डुमरांव सेक्शन पर पक्की सड़क सहित दो लेन के सुधार कार्य का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस तथा वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अमृत योजना के दूसरे चरण के तहत, प्रधानमंत्री ने औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जलापूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखी। ये परियोजनाएं स्वच्छ पेयजल, आधुनिक सीवरेज प्रणाली और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करेंगी, जिससे स्वास्थ्य मानकों और जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा।

———————————————————

श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सोलह हजार से अधिक लाभार्थियों को गृह प्रवेश भी करवाया। विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री ने मगध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस के शासनकाल में सालों—साल तक

परियोजनाएं लटकी रहती थीं। लेकिन एनडीए सरकार ने इस परिपाटी को पूरी तरह बदल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। सरकार ऐसा बिल लेकर आई है, जिसमें अब प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री के तीस दिन जेल में रहने पर पद से हटाने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री ने घुसपैठ की समस्या पर गहरी चिंता जताते हुये कहा कि अप्रवासियों से उत्पन्न खतरों से देश की रक्षा के लिए शीघ्र ही जनसांख्यिकी मिशन शुरू किया जायेगा।

---

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति कर रहा है। समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष दो हजार पांच में एनडीए की सरकार बनने के बाद से अब तक राज्य की स्थिति में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।

---

शिक्षा विभाग ने नौ हजार सत्रह शिक्षकों का पारस्परिक तबादला कर दिया है। इसकी जानकारी ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर उपलब्ध है। विभाग ने अब तक इकतीस हजार एक सौ पचपन शिक्षकों का पारस्परिक तबादला किया है।

---

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में सत्ताईस अगस्त तक बारिश की संभावना है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, नालंदा और औरंगाबाद जिले के कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना सहित छह जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी सम्भावना है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।